**न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट सं0—3 उन्नाव।**
**फौज0 निगरानी सं0—173 / 2024**
**सिराजुल अहमद बनाम सुलेमान आदि**

**<u>दिनांक—24.03.2026</u>**

प्रार्थी / निगरानीकर्ता सिराजुल अहमद की ओर से प्रार्थनापत्र 9क फौजदारी निगरानी अन्तर्गत धारा— 438, 440 बी0एन0एस0एस0 विरूद्ध न्यायालय ए0सी0जे0एम0 प्रथम उन्नाव परिवाद सं0—647 / 2021 दिनांकित 01.08.2024 सिराजुल अहमद बनाम सुलेमान आदि प्रस्तुत कर कथन किया गया है कि— उक्त निगरानी निगरानीकर्ता द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के आदेश दिनांक 01.08.2024 से क्षुब्ध होकर श्रीमान जी के समक्ष प्रस्तुत की गयी है, जिसमें निगरानी के अंत में माननीय न्यायालय से की गई प्रार्थनापत्र में लिपिकीय त्रुटि वंश आदेश दिनांक 01.08.2024 के स्थान पर दिनांक 16.05.2022 टाइप हो गया है जो कि भूलवश हुआ है। दिनांक 16.05.22 के स्थान पर दिनांक 01.08.2024 पढ़ा जाना न्यायहित में आवश्यक है।

प्रार्थना पत्र 9क के विरूद्ध आपत्ति प्रार्थनापत्र दिनांक 24.03.2026 विपक्षी सुलेमान आदि की तरफ से प्रस्तुत कर कथन किया गया है कि निगरानीकर्ता द्वारा उपरोक्त निगरानी जो प्रस्तुत की गई है, उसमें प्रश्नगत आदेश की तारीख जो दी गयी है वह गलत है और इस स्तर पर जो प्रार्थना पत्र दिया गया है और उसमें जो अर्ज किया गया है वह पोषणीय नहीं है। अतः प्रार्थना है कि निगरानी खारिज करने की कृपा करें।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थनापत्र 9क के माध्यम से निगरानीकर्ता द्वारा कथन किया गया है कि अधीनस्थ न्यायालय के आदेश दिनांक 01.08.2024 से क्षुब्ध होकर निगरानी प्रस्तुत की गई जिसमें निगरानी के अंत में लिपिकीय त्रुटिवश आदेश दिनांक 01.08.2024 के स्थान पर दिनांक 16.05.2022 टाइप हो गया है जो कि भूलवश हुआ है जिसे दुरूस्त किये जाने की याचना चाही गई है। अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितयों के दृष्टिगत वाद के सम्यक निस्तारण के लिए न्याय के हित में प्रार्थनापत्र 9क स्वीकार किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत 9क प्रार्थना पत्र उपर्युक्तानुसार स्वीकार किया जाता है। निगरानी के अंतिम चौथी लाइन में दिनांक 16.05.2022 के स्थान पर 01.08.2024 को दुरूस्त किये जाने की अनुमति दी जाती है। तद्नुसार संशोधन किया जाये एवं 16.05.2022 के स्थान पर 01.08.2024 लिखा व पढ़ा जाये।

पत्रावली प्रार्थनापत्र 3क की सुनवाई हेतु दिनांक 16.04.2026 को पेश हो।

अपर जिला जज कोर्ट सं0—3, उन्नाव।
24.03.2026

Digitally signed by Ram Raj II
Date: 2026.03.24 10:24:12 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court